


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

तापमान 34.6° अधिकतम | 24.7° न्यूनतम

रांची, सोमवार 03 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 55

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# स्टैंड पर साइकिल यूजर्स नदारद...

- छायी रहती है वीरानी, साइकिल का मेंटेनेंस भी नहीं, कई जर्जर हुईं
- ऐप के बारे में लोगों को जानकारी ही नहीं, कैसे करें इस्तेमाल



**फैक्ट**

**90** साइकिल स्टैंड बनाये गये थे पूरे शहर में

**800** लगभग साइकिल इन स्टैंड पर रखी गईं थीं

आकर्ष अनिकेत। रांची

स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सहयोग से रांची में साइकिल शेयरिंग सिस्टम की शुरुआत 2019 में ताम-झाम के साथ हुई थी. साइकिल शेयरिंग सिस्टम का मकसद शहर के लोगों को सेहतमंद बनाना, पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना और जाम की समस्या से भी निजात दिलाना था. पूरे शहर में लगभग 90 साइकिल स्टैंड बनाये गये थे, जिसमें लगभग 800 साइकिल थी. शुरू में लोगों नई सुविधा देखकर इसका इस्तेमाल जमकर किया.अक्सर स्टैंड में साइकिल की कमी रहा करती थी. कोरोना काल में पूरी तरह से साइकिल का संचालन बंद होने के बाद साइकिल की स्थिति धीरे-धीरे खराब होती गई. काफी साइकिल टूट-फूट भी गईं या हालत ऐसी हो गई कि लोग उसकी सवारी ही नहीं करना चाहते. धीरे-धीरे लोगों ने इस साइकिल का इस्तेमाल करना कम कर दिया.

**न ऐप की जानकारी, न इस्तेमाल करने के बारे में :** शहर के बड़े तबके को साइकिल का इस्तेमाल ऐप के जरिए करना है, इसके बारे में जानकारी ही नहीं है. जो लोग जानते भी हैं, वे अब इसका इस्तेमाल ही नहीं करना चाहते हैं. अब शहर के सभी साइकिल स्टैंड वीरान पड़े रहते हैं. हाल यह है कि अब तो स्टैंड पर कबूतर पर मारते मिलते हैं, या आवारा कुत्त बसेरा बनाए रहते हैं. लोगों का कहना है कि ऐप का इस्तेमाल करना कठिन है. ऐप की जानकारी नहीं होने के कारण कई लोग साइकिल का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं. हालांकि कंपनी के मैनेजर कादावा है कि रोजाना 500-600 कस्टमर साइकिल का इस्तेमाल कर रहे हैं. साइकिल की देखभाल भी ठीक से की जा रही है. साइकिल खराब होने पर तुरंत ही ठीक कराया जाता है. वहीं स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के एक अधिकारी यह दावा करते हैं कि दूसरी जगहोंकी तुलना में रांची में साइकिल शेयरिंग सिस्टम की स्थिति काफी बेहतर है.

## अल्बर्ट एक्का चौक के पास साइकिल स्टैंड में बाइक की पार्किंग



अलबर्ट एक्का चौक के पास स्थित शहर का सबसे मुख्य साइकिल स्टैंड भी वीरन पड़ा रहता है. अब इस स्टैंड का इस्तेमाल बाइक पार्किंग के लिए किया जाने लगा है. इलाके में भीड़ होने के कारण लोग साइकिल स्टैंड पर ही अपनी-अपनी बाइक खड़ी कर चले जाते हैं.

### जर्मनी से मंगाई गई थी साइकिल, एक की कीमत 60 हजार

शहर में साइकल शेयरिंग सेवा की शुरुआत चार्टर्ड बाइक कंपनी द्वारा की गयी थी. इसके लिए साइकिल जर्मनी से मंगायी गयी थी. बता दें कि एक साइकिल की कीमत लगभग 60 हजार रुपये थी.

## चार्टर्ड ऐप की मदद से कर सकते हैं साइकिल का इस्तेमाल

साइकिल इस्तेमाल करने के लिए पहले गूगल प्ले स्टोर से चार्टर्ड ऐप डाउनलोड करना पड़ता है. इस ऐप की मदद से ही आप साइकिल इस्तेमाल कर सकते हैं.

### जानिए कैसे एक्सेस करें ऐप

- ऐप डाउनलोड करने के बाद 50 रुपये मिनिमम डिपॉजिट करना होगा, जिसके लिए नेटबैंकिंग, कार्ड व यूपीआई का इस्तेमाल किया जा सकता है.
- मिनिमम डिपॉजिट के बाद आपको सब्सक्रिपशन प्लान का चयन करना होगा. एक दिन के सब्सक्रिपशन के लिए 35 रुपये, 1 महीने के सब्सक्रिप्शन के लिए 236 रुपये और एक साल के लिए 1180 रुपये लगेंगे.
- एक दिन के सब्सक्रिप्शन पर आप आधे घंटे साइकिल चला सकते हैं. एक महीने के सब्सक्रिप्शन पर आप पूरे महीने रोजाना आधे घंटे फ्री में साइकिल चला सकेंगे और एक साल वाले सब्सक्रिप्शन में साल भर रोजाना आधे घंटे साइकिल चला सकेंगे.
- आधे घंटे से तीन घंटे तक प्रति घंटा पांच रुपये के हिसाब से चार्च देना होगा. चौथे घंटे से प्रति घंटे 15 रुपये का भुगतान करना होगा.



चार जून के बाद झारखंड समेत पूरे देश में लागू होगी **पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना**

# घरों में मुफ्त लगेगा सोलर प्लांट

कौशल आनंद। रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चार जून के बाद देश भर में लागू होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने इसको लेकर निर्णय लिया था, मगर चुनाव घोषित हो जाने के कारण राज्य को इसका लक्ष्य अभी तक नहीं दिया गया है. केंद्र में नयी सरकार गठन के बाद इस स्कीम पर काम तेजी से शुरू होने की उम्मीद है. अगले 15 दिनों में झारखंड के जेबीवीएनएल को भी टारगेट दिया जाएगा. प्रथम चरण में सरकार 300 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं के घरों में सोलर प्लांट लगाएगी. इसमें कम आय और पीएम आवास योजना से जुड़े उपभोक्ता शामिल होंगे.

### किसे मिलेगा लाभ

कॉर्मिशियल उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा. केवल घेरलू उपभोक्ता ही लाभान्वित हो पाएंगे, जिसमें अपार्टमेंट में रहने वाले तक शामिल है, बशर्ते अपार्टमेंट का इस्तेमाल कॉमर्शियल तौर पर न हो. सरकार पहले फेज में वैसे घरों को चिह्नित करेगी, जिसकी बिजली की खपत मासिक 300 यूनिट तक है. ऐसे परिवारों के घरों में पूरी तरह से फ्री सोलर प्लेट और मीटर लगाया जाएगा. कम आय वाले पीएम आवास के लाभुकों को भी इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है. एक किलोवाट तक का सोलर प्लेट लगाने के लिए 110 वर्ग फीट जमीन की जरूरत होगी.

### कैसे मिलेगी सब्सिडी

कमीशनिंग रिपोर्ट मिलने के बाद पोर्टल से बैंक खाते का विवरण और एक कैंसिलेशन चेक जमा करना होगा. 30 दिनों के अंदर सब्सिडी खाते में आ जाएगी.

**300** यूनिट तक बिजली खपत करनेवाले उपभोक्ता ले सकेंगे योजना का लाभ

- एक से तीन किलोवाट तक 30 से 78 हजार रुपये तक सब्सिडी

**15** दिनों बाद झारखंड में जेबीवीएनएल को भी मिलेगा टारगेट



### कितना आएगा खर्च और कितनी मिलेगी सब्सिडी

| सोलर प्लांट क्षमता | लागत | सब्सिडी |
|---|---|---|
| एक किलोवाट | 50 हजार | 30 हजार |
| दो किलोवाट | 1.10 लाख | 60 हजार |
| तीन किलोवाट | 1.45 लाख | 78 हजार |

**नोट :** घरेलु उपभोक्ताओं का तीन से 10 किलोवाट एवरेज बेंच मार्क माना गया है और 10 किलोवाट तक 78 हजार रुपये की सब्सिडी तय की गयी है.

**कैसे करें आवेदन :** पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को pmsuryaghar.gov.in के वेबसाइट पर जाना होगा. इसके बाद अप्लाई फॉर रूफटॉप सोलर के ऑप्शन पर क्लिक करें. रजिस्ट्रेशन पेज खुलने के बाद इस पर अपनी जानकारी भरें. फिर बिजली कंपनी से फिजीबिलिटी अप्रूवल मिलते ही रजिस्टर्ड वेंडर से संपर्क करें. इंस्टॉलेशन के बाद नेट मीटर के लिए आवेदन करें. मीटर लगाने लिए कंपनी की टीम स्पॉट वेरिफिकेशन करेगी और संतुष्ट होने के बाद उपभोक्ता को सर्टिफिकेट दिया जाएगा.

### क्या है स्कीम

- निम्न आय और कम बिजली खपत करने वाले केवल घरेलू उपभोक्ता ही इस योजना का लाभ उठा सकते हैं.
- प्रथम चरण में देश के एक करोड़ घरों पर फ्री सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है.
- इससे घेरलू उपभोक्ताओं को हर महीने कम से कम 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी.
- अधिक आय वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 78 हजार रुपय तक की सब्सिडी केंद्र सरकार देगी.
- यह ऐसी पहली स्कीम होगी, जिसमें सब्सिडी केवल केंद्र ही देगी, जबकि अन्य केंद्रीय योजनाओं में केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी होती है.


### इन जगहों पर लगेगा सेमीकंडक्टर यूनिट

- **धोलेरा (गुजरात) :** टाटा और पावरचिप कंपनी यूनिट लगाएगी. 91 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा. हर महीने 8 सेक्टर के लिए 25 करोड़ चिप बनाने का लक्ष्य है.
- **मोरीगांव (असम) :** टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्रा. लि कंपनी यूनिट लगाएगी. 27 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा. 4.48 करोड़ चिप तैयार करने का लक्ष्य है.
- **साणंद (गुजरात) :** मुंबई की सीजी पावर जापान-थाईलैंड की कपंनियों के साथ यूनिट लगाएगी. 7600 करोड़ रुपये का निवेश होगा. 1.5 करोड़ चिप तैयार का लक्ष्य रखा गया है.

### आउटगोइंग स्कीम का क्या होगा

आउटगोइंग स्कीम जारी रहेगी. आउटगोइंग स्कीम में एक केवी पर 18 हजार रुपये, दो केवी पर 36 हजार रुपये और तीन केवी पर 54 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है. इस योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए देश का पहला कॉमर्शियल सेमीकंडक्टर फैब यूनिट बनाया जाएगा.

### अपार्टमेंट वाले कैसे उठा सकते हैं लाभ



हर अपार्टमेंट की एक सोसायटी होती है. अगर सोसायटी को दिक्कत न हो और आम सहमति बनी तो 10 किलोवाट तक घरेलू उपभोक्ता अपार्टमेंट के उपर के खाली छत पर सोलर प्लेट लगवा सकते हैं.

### 17 लाख नये रोजगार के द्वार खुलने का दावा

- 1.26 लाख करोड़ रुपए में देश का पहला कॉमर्शियल सेमीकंडक्टर फैब यूनिट बनाया जाएगा. इससे 17 लाख नये रोजगार सृजित होंगे.
- **टाटा और ताइवान की कंपनी पावरचिप बनाएगी. सालाना 300 करोड़ चिप बनाने का लक्ष्य रखा गया है.**
- इस चिप का इस्तेमाल कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, टेलीकॉम, डिफेंस, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल व पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में होगा.
- **इसके अतिरिक्त दो और सेमीकंडक्टर यूनिट भी लगायी जाएंगी. इससे करीब 80 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है.**

# 55 रुपये की शराब नहीं पिलाई तो धड़ से अलग कर दिया सिर

मृतक का सिर लेकर गांव में घूमता रहा आरोपी

**नृशंस हत्या**

- पुलिस ने हत्यारोपी युवक को किया गिरफ्तार
- एमजीएम थाना क्षेत्र के कुदलुंग गांव की घटना

संवाददाता। जमशेदपुर

पूर्वी सिंहभूम जिले के एमजीएम थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई. कुदलुंग गांव में रविवार की अहले सुबह करीब चार बजे 55 रुपये की शराब नहीं पिलाने पर गुस्से में युवक ने वृद्ध का सिर धड़ से अलग कर दिया. घटना एमजीएम मृतक की पहचान कुदलुंग गांव निवासी निताई महतो (60) के रूप में हुई है. वहीं, हत्यारोपी मिथुन टुडू (35) भी उसी गांव का रहने वाला है.

वारदात को अंजाम देने के बाद मिथुन मृतक के सिर को हाथ में लेकर गांव भर में घूमता रहा. ग्रामीण उसे पकड़ना चाह रहे थे, पर आरोपी धारदार हथियार से सभी पर हमला करने का प्रयास कर रहा था. अंत में मिथुन अपने घर पहुंचा, जहां परिजनों ने उसे पकड़ कर पेड़ से बांध दिया और पुलिस को घटना की सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

**शराब पिलाने के लिए मना कर रहा था निताई :** मिथुन ने पुलिस को बताया कि वह अक्सर निताई के साथ बैठकर देसी शराब पीता था. शनिवार को उसने निताई को शराब पिलायी थी. 55 रुपये देने थे. दोनों को आधा-आधा पैसा मिला कर देने पर निताई ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं. इस कारण उसे पूरे 55 रुपये देने पड़े. वहीं, रविवार अलसुबह निताई रास्ते में मिला, तो उसने शराब पिलाने को कहा, पर निताई ने मना कर दिया. इसी बात पर धारदार हथियार से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया. मिथुन ने गुस्से में आकर कहा कि मिथुन बूढ़ा हो गया था. उसे मरना ही था. इसलिए उसे मार कर कोई गलती नहीं की. मिथुन की पत्नी और दो बेटी है. इधर पुलिस ने मृतक के बेटे प्रह्लाद के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है.



हत्यारोपी मिथुन टुडू .

### पागलों जैसी हरकत कर रहा था आरोपी

मिथुन की पत्नी सोनुका टुडू ने बताया कि शादी के कुछ माह बाद ही मिथुन सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था. इस घटना में उसके सिर पर चोट लगी थी. एक माह पूर्व वह पागलों की तरह हरकत कर रहा था. उसे इलाज के लिए भी ले जाने वाले थे. उसने आगे बताया कि मिथुन नशे का आदि था. रविवार अलसुबह ही वह घर से निकल गया था. थोड़ी देर बाद वह निताई महतो का कटा हुआ सिर लेकर घर पहुंच गया. घर वालों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, तो हमला करने लगा.

### मृतक के बाद कपड़े भी खोल ले गया आरोपी

धारदार हथियार से निताई का सिर को धड़ से अलग करने के बाद मिथुन ने निताई के सारे कपड़े खोल दिए. निताई के सिर के साथ उसके कपड़े भी अपने साथ ले गया. कपड़े ले जाने की बात पर मिथुन ने कहा कि उसने निताई के कपड़े इसलिए उतारे, क्योंकि निताई ने उसे रुपये नहीं दिए थे. उस कपड़े को धोकर वह खुद इस्तेमाल करता.

**ब्रीफ खबर**

### पांच दिन बाद तालाब में डूबे छात्र का शव मिला



**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बालसिरिंग ब्लू पौंड में पांच दिन पूर्व डूबे 11वीं कक्षा के छात्र अंश अनुग्रह किंडो (15) का शव रविवार को उपलाता हुआ दिखा. मृतक हेंसाग के ग्रीन गार्डेन का रहने वाला था और हटिया के हेसांग स्थित संत चार्ल्स स्कूल में पढ़ता था. जानकारी के मुताबिक, बीते 28 मई को अंश अपने दो दोस्तों अमन कुमार महतो और आशीष हेंब्रम के साथ ब्लू पौंड में नहाने गया था. इसी क्रम में वह डूब गया था. छह साल पहले उसके पिता की भी मौत हो गई थी.

# मोरहाबादी में मृत पाए गए सैकड़ों चमगादड़, सनसनी

**रांची।** झारखंड में भीषण गर्मी और लू के बीच अलग-अलग जिलों में सैंकड़ों चमगादड़ झुलस कर मर रहे हैं. चमगादड़ों के मरने की ज्यादा घटनाएं गढ़वा, हजारीबाग, रांची व चतरा में हुई हैं. चमगादड़ों की मौत के बाद टीम जांच कर रही है कि किन कारणों से ये मौत हुई हैं. लगातार बढ़ती गर्मी की वजह से इन चमगादड़ों की जान गई है या किसी वायरस का संक्रमण है. इस बीच राजधानी के मोरहबादी में भी कई चमगादड़ों की मौत हो गई है. सैकड़ों की तादात में चमगादड़ मृत पाए गए हैं. वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि मृत चमगादड़ों को न छुएं और न ही उनके संपर्क में आएं, इससे संक्रमण हो सकता है.



फोटो- सैयद जावेद रमीज





# रातू में बस के धक्के से पांकी के युवक की मौत

- भीड़ ने फ्रेंड्स कॉलोनी चौक के पास बस को रोका

संवाददाता। रांची/पांकी

रातू थाना क्षेत्र के तिलता में रविवार सुबह बस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना का शिकार हुआ युवक पेशे से टाइल्स मिस्त्री था और सुबह काम के लिए ही बाइक से जा रहा था. इसी क्रम में बसंत नाम की तेज रफ्तार बस ने धक्का मार दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

मृतक की पहचान पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत कोनवाई बस स्टैंड निवासी वृक्ष सिंह के पुत्र संगम सिंह के रूप में हुई है. स्थानीय लोगों से घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

### घटना के विरोध में दो घंटे रांची-मेदिनीनगर रोड जाम

सड़क हादसे में टाइल्स मिस्त्री की मौत के बाद चालक बस लेकर भाग गया था. हालांकि, घटनास्थल पर जुटी भीड़ ने पीछा करके फ्रेंड्स कॉलोनी चौक के पास बस को रोक लिया और उसे पंडरा थाने के हवाले कर दिया. इधर, घटना के विरोध में मृतक के परिजन सहित ग्रामीणों ने बांस-बल्ली लगा कर एनएच 75 मार्ग जाम कर दिया. करीब दो घंटे तक रांची-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित रहा. बाद में पुलिस ने समझा-बुझा कर जाम को खत्म कराया.


ट्रैफिक पोस्ट बहू बाजार

हालात ये है कि ट्रैफिक जवानों के कबाड़ के जुगाड़ से बनाये गए अस्थाई ट्रैफिक पोस्ट का लोग रात के अंधेरे में शौचालय की तरह इस्तेमाल करते हैं


ट्रैफिक पोस्ट शहीद चौक


ट्रैफिक पोस्ट पुरुलिया रोड


ट्रैफिक पोस्ट शहीद चौक

# कबाड़ के जुगाड़ से तैयार ट्रैफिक पोस्ट के सहारे जवान

## कहीं तंबू, कहीं होर्डिंग, तो कहीं फटे-पुराने बैनर, पोस्टर और तिरपाल से बने हैं ट्रैफिक पोस्ट


ट्रैफिक पोस्ट संत मैरी चर्च

**सैयद रमीज जावेद। रांची**

गर्मी हो, जाड़ा हो या बरसात हो, राजधानी के ट्रैफिक जवान बिना आराम किये ड्यूटी पर मुश्तैद रहते हैं. दिन भर कड़ी धूप में उड़ती धूल के बीच जवान ड्यूटी पूरी कर रहे हैं. शहर के अधिकांश चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पोस्ट नहीं है. हां, ट्रैफिक जवानों ने अपने स्तर से ही कबाड़ के जुगाड़ से कुछ चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पोस्ट बना लिया है और इसी पोस्ट के सहारे अपनी डयूटी पूरी कर रहे हैं. इस भीषण गर्मी में कहीं तंबू, तो कहीं होर्डिंग, तो कहीं फटे-पुराने बैनर, पोस्टर और त्रिपाल से बने अस्थायी ट्रैफिक पोस्ट के सहारे ट्रैफिक पुलिस अपनी ड्यूटी पूरी कर रहे हैं. जुगाड़ तकनीक से जवानों ने खुद ही ये पोस्ट तैयार किये हैं. लेकिन हालात ये है कि ट्रैफिक जवानों के कबाड़ के जुगाड़ से बनाये गए अस्थाई ट्रैफिक पोस्ट का लोग रात के अंधेरे में शौचालय की तरह इस्तेमाल करते हैं. ऐसी विषम परिस्थितियों में हमारे ट्रैफिक जवान ड्यूटी तो करते हैं, लेकिन अपना दर्द किसी से बयां भी नहीं कर पाते हैं. सबकुछ सहते हुए जवान अपनी ड्यूटी पूरी करते हैं, लेकिन आवाज नहीं उठाते. कहते हैं, दिक्कत तो है, लेकिन बोलने पर तो ऊपर के अधिकारी कार्रवाई कर देंगे, बेवजह स्सपेंड कर देंगे, तो परेशानी और बढ़ेगी ही. यही वजह है कि दोयम दर्जे के ट्रैफिक पोस्ट में भी वह ड्यूटी करने के लिए तैयार रहते हैं. ऐसा भी नहीं है कि ट्रैफिक पोस्ट बनाने की बात पहले नहीं हुई हो. बात भी हुई, कागजों पर योजना भी बनी, लेकिन जवानों की सुविधा के लिए हुआ कुछ भी नहीं. निजी कंपनियों के सहयोग से भी एसी से लैस ट्रैफिक पोस्ट बनाने की भी योजना बनी, लेकिन धरातल पर नहीं उतरी.


ट्रैफिक पोस्ट हरमू रोड

## ब्रीफ खबरें

### प्रदेश कांग्रेस ने मनाई पीएन सिंह की जयंती

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को कांग्रेस भवन में स्व. पीएन सिंह की जयंती मनाई गई. मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी एवं आमजन शामिल हुए एवं उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजनीतिक जीवन का सफर का आगाज ही कांग्रेस से किया था. इन्होंने राजनीतिक जीवन में एक अलग पहचान बनाई और अपने राजनीतिक जीवन में सदैव दलित, शोषित व समाज के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे. उनका सादा जीवन,सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार जनमानस को बरबस प्रभावित कर देती थी. पीएन सिंह दूरदर्शी के साथ एक ओजस्वी वक्ता थे.

### महिलाओं ने श्रमदान कर बनाया बोरी बांध

**खूंटी/रांची।** जनशक्ति से जलशक्ति अभियान के तहत जिले में पहली बार मुरहू प्रखंड की कोड़ाकेल पंचायत के गुरमी गांव की महिलाओं ने तपती धूप से मुरहू नाला के होम्बा दिरी के पास श्रमदान कर बोरीबांध का निर्माण कर डाला. इस स्थान पर गुरमी समेत मुरहू, चमराटोली और गजगांव की महिलाएं नहाने और कपड़े धोने के लिए पहुंचती हैं. यहां सुबह-शाम चरवाहे मवेशियों को पानी पिलाने के लिए भी लाते हैं, लेकिन प्रचंड गर्मी के कारण यहां पानी लगातार घटता जा रहा था. रविवार को महिलाओं ने बैठक कर बोरीबांध का निर्माण करने का निर्णय लिया. सेवा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शुरू किए इस अभियान का संचालन अब सामुदायिक सहयोग से किया जा रहा है.

### खरगे और राहुल ने पीसीसी अध्यक्षों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# अंतिम गिनती तक मतगणना केंद्रों पर पर मजबूती से डटे रहें

**विशेष संवाददाता। रांची**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक की. आयोजित वर्चुअल बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे ने सभी से विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने कहा कि हम पूरे देश में लगभग 295 सीटें जीत रहे हैं, बाकी सीटों पर हमारा नजदीकी संघर्ष है. निश्चित रूप से केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है.

### अंतिम गिनती तक बूथों पर डटे रहें : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को इस एग्जिट पोल का मतगणना केंद्र पर मजबूती के साथ मतगणना कराकर जवाब देना चाहिए. इससे एक प्रकार से भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जा रही है, ताकि चुनाव परिणाम को प्रभावित किया जा सके. उन्होंने प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना के दिन पूरी मजबूती के साथ अंतिम गिनती तक मतगणना केंद्र पर डटे रहना है, परिणाम निश्चित रूप से हमारे अनुकूल आएगा.

### किसी भी गड़बड़ी की सूचना कांग्रेस वार रूम में दी जाए : राजेश ठाकुर

बैठक में झारखंड की पूरी चुनावी स्थिति की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि एक्जिट पोल के माध्यम से हम पर साइकोलॉजिकल हमला करने का प्रयास किया गया है. इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला. झारखंड में हम पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़े हैं और हम पिछली बार के मुकाबले बहुत ही अच्छी स्थिति में हैं. इस बार हम 2019 के मुकाबले अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज कर रहे हैं. एग्जिट पोल और एक्जैक्ट पोल में अंतर है. ठाकुर ने कांग्रेस उम्मीदवारों के अलावा इंडिया गठबंधन की अन्य सीटों के बारे में भी विस्तृत रूप से समीकरणों सहित जानकारी दी. उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को भी निर्देश दिया गया है कि चुनाव परिणाम के दिन मतगणना केंद्र के पास ही जमें रहें. सभी जिलों में स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि किसी भी तरह की गड़बड़ी की स्थिति में प्रदेश कांग्रेस के वार रूम में अविलंब सूचना दें, ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके.


कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं के वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े राजेश ठाकुर.

### लोकसभा चुनाव : सातवें चरण में झारखंड में 70.88% वोट

# चार चरणों में ओवरऑल 66.19% वोटिंग

**संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने रविवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि सातवें चरण में झारखंड में 70.88 फीसदी मतदान हुआ. राजमहल में 70.78, दुमका में 73.87 और गोड्डा में मतदान प्रतिशत 68.63 रहा. झारखंड का ओवरऑल 66.19 मतदान प्रतिशत रहा. के रवि कुमार ने बताया की झारखंड में 2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले 2024 में आठ लोकसभा में वोटिंग प्रतिशत बढ़ा है. वहीं 6 लोकसभा सभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत घटा है. जिन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत घटा है, उनकी सीमा बिहार से लगती है.

### 4 जून को मतगणना, तैयारी पूरी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि काउंटिंग की सारी तैयारी पूरी हो गयी है. 4 जून को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जायेगी. पहले आधे घंटे तक पोस्टल वोट काउंट किये जायेंगे. सभी काउंटिंग स्टेशन पर त्रिस्तरीय सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं. लोकसभा चुनाव 2019 में वोटर टर्नआउट 66.80 फीसदी रहा था. 2024 में टर्नआउट 66.19 फीसदी रहा. 2024 वाले डाटा में पोस्टल वोट का डाटा जोड़ा नहीं गया है.

# लालपुर के इंटरनेशनल स्पा सेंटर में रेड कई हिरासत में, आपत्तिजनक समान बरामद

**संवाददाता। रांची**

गलत काम होने की सूचना पर रांची पुलिस ने लालपुर थाना क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर में छापेमारी की. वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर पुलिस की टीम शनिवार की देर रात स्पा में पहुंची. बौंबो इंटरनेशनल स्पा सेंटर, सर्कुलर रोड के हरिओम टावर के सामने ली डिजायर कांप्लेक्स के चौथे तल्ले पर है. छापेमारी के दौरान पुलिस ने वहां से कई युवक और युवतियों को पकड़ा. बताया जा रहा है कि कई लोगो को पुलिस ने आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा. पुलिस ने वहां से आपत्तिजनक समान भी जब्त किया है. फिलहाल पुलिस की जांच जारी है. रांची पुलिस जल्द ही अधिकारिक जानकारी साझा करेगी.


लालपुर का इंटरनेशनल स्पा सेंटर

### स्थानीय लोगों ने दी थी पुलिस को सूचना

पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना सूचना दी थी स्पा सेंटर में गलत कार्य हो रहा है, जिसके बाद पुलिस की टीम ने स्पा सेंटर में छापेमारी की. पुलिस के पहुंचते ही वहां पर अफरा तफरी मच गया. स्पा में मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे. इस दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया. हिरासत में लिए गए लोगों को लालपुर थाना में रखा गया है.

# रांची की एनआरआई महिला से 29.94 लाख की ठगी मामले में एक और अपराधी धराया

**संवाददाता। रांची**

रांची की एनआरआई महिला से 29.94 लाख की साइबर ठगी करने के मामले में एक और साइबर अपराधी गिरफ्तार हुआ है. सीआईडी के साइबर सेल की टीम ने कार्रवाई करते हुए वीरेंद्र नाम के साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी हरियाणा के कैथल जिले का रहने वाला है. इस मामले में साइबर सेल रवि शंकर द्विवेदी उर्फ राजू नाम के साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर पहले जेल भेज चुकी है. गिरफ्तार आरोपियों के स्वीकारोक्ति बयान व अनुसंधान में पता चला कि चीन से ऑपरेट करने वाले एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों के गिरोह के लिए काम करने वाले साइबर अपराधी भारत में सक्रिय हैं. वे अलग-अलग बैंकों के कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग खाता खोलकर इस प्रकार के इंवेस्टमेंट स्कैम करवाते हैं.

# लड़कियों से गलत काम करने का आरोपी धराया

**संवाददाता। रांची**

सोशल मीडिया पर नाबालिग लकड़ी से पहले दोस्ती करने के बाद प्यार के झांसे में फंसा कर गलत काम करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) की टीम ने रविवार को अमित दास नामक युवक को रांची स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से पकड़ा है. आरोप है कि आरोपी नाबालिग लड़कियों को सोशल मीडिया के जरिये फंसा कर उसके साथ गलत काम कर छोड़ देता था. वह मूल रूप से ओडिशा के नवरंगपुर जिले के उमरकोट थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन अशोक मार्ग का रहने वाला है.


पुलिस की गिरफ्त में अपराधी.

### तीन नाबालिगों को बना चुका है हवस का शिकार

आरपीएफ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बचाया कि अमित सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग लड़कियों को प्यार के झांसे में फंसाता था, फिर उनके साथ गलत काम करता था. अबतक तीन लड़कियों को अपनी हवस का शिकार बना चुका है. ओडिशा पुलिस ने रांची रेल मंडल के सुरक्षा आयुक्त को सूचना सूचना दी थी.

**पड़ताल**

### बिहार में भी अमन साहू गिरोह से जुड़े लोगों पर कार्रवाई

# किसी को एनआईए ने पकड़ा तो कोई एनकाउंटर में मारा गया

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड में सक्रिय अमन साहू गिरोह से जुड़े लोगों के खिलाफ झारखंड ही नहीं बिहार में भी कार्रवाई हो रही है. अमन साहू के पैसे के इंवेस्ट करने वाला शंकर यादव को एनआईए ने भागलपुर से पिछले महीने गिरफ्तार किया था. वहीं बीते 31 मई बिहार के मधेपुरा में एसटीएफ की टीम ने अपराधी प्रमोद यादव को मुठभेड़ में मार गिराया. प्रमोद यादव हमेशा अमन साहू गिरोह के संपर्क में रहता और उसने झारखंड में भी अमन साहू के लिए कई घटनाओं को अंजाम दिया था. मधेपुरा के बिहारीगंज में स्पेशल टास्क फोर्स की एक टीम ने कुख्यात अपराधी प्रमोद यादव का एनकाउंटर कर दिया था. एसटीएफ की टीम मजदूर और भिखारी के ड्रेस में उसकी लगातार रेकी कर रही थी और जैसे ही उसे दबोचने की कोशिश की गई, उसने फायरिंग शुरू कर दी. यह अपराधी झारखंड में आतंक मचा रहे कुख्यात अमन साव गिरोह के लगातार संपर्क में था.


अमन साहू गिरोह

### रियल इस्टेट के व्यवसाय में निवेश करता था शंकर

लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में सीसीएल के तेतरियाखाड़ कोलियरी में साल 2020 में हुई आगजनी और गोलीबारी मामले की जांच एनआईए कर रही है. एनआईए ने जांच के क्रम में एनआईए ने नौ फरवरी को बिहार के भागलपुर से गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे शंकर यादव को गिरफ्तार किया था. एनआईए ने उसके ठिकाने से एक करोड़ 30 लाख भी बरामद किया था. जो अमन साहू के लेवी-रंगदारी से वसूली की गई रकम थी.

### साहू गिरोह का सुनील मीणा कॉल कर देता है धमकी

अमन साहू गैंग का सुनील मीणा, जिसको गिरफ्तार करना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घडसाना के नयी मंडी का रहनेवाला है. सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया. सुनील कुआलालमपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिए लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़े जमाने लगा.

### पुलिस के लिए चुनौती है सात मोस्ट एक्टिव आपराधिक गिरोह

- अमन साहू गिरोह : रांची, लातेहार, रामगढ़ और हजारीबाग.
- विकास तिवारी गिरोह : रामगढ़, हजारीबाग.
- सुजीत सिन्हा गिरोह : लातेहार और पलामू.
- अखिलेश सिंह गिरोह : जमशेदपुर और सरायकेला.
- सुधीर दुबे गिरोह : जमशेदपुर और सरायकेला.
- डब्लू सिंह गिरोह : पलामू.

### झारखंड में 10 प्लस सीट जीतेंगे : चंपाई सोरेन

**रांची।** दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना मुर्मू सोरेन और सुप्रियो भट्टाचार्य आज देर शाम रांची लौट आये. रांची एयर पोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि एक्जिट पोल फर्जी है. इंडिया गठबंधन 295 प्लस सीट लाने जा रही है. दिल्ली में अगली सरकार इंडिया गठबंधन की ही बनने जा रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड में हम 10 प्लस सीट जीत रहे हैं और गांडेय विस सीट हम रिकार्ड मतों से जीतने जा रहे हैं. प्रधानमंत्री के सवाल पर उन्होंने कहा कि चार जून के बाद गठबंधन दलों की दिल्ली में होनेवाली बैठक में आगे का निर्णय लिया जाएगा. कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि एग्जिट पोल के चक्कर में न पड़ें, चकरा जाएंगे. चार जून का इंतजार करें.

### सिलीगुड़ी में जुटे चाय बगान के आदिवासी

# पश्चिम बंगाल सरकार से अपनी जमीन पर मालिकाना हक मांगा


सिलीगुड़ी में जुटे चाय बगान के आदिवासी.

**विशेष संवाददाता। रांची**

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में चाय बगान के आदिवासी का जुटान हुआ. रविवार को ह्यूमन लाइफ डेवलपमेंट एंड रिसर्च सेंटर सिलीगुड़ी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चाय बगान के सैकड़ों आदिवासियों ने एक स्वर में कहा कि बंगाल सरकार हमें हमारी जमीन पर मालिकाना हक दे. हमारे पुरखों और आदिवासियों ने 150 साल पहले यहां आकर चाय बागान बनाया और सरकार की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. लेकिन इतने सालों बाद भी हमें जमीन पर मालिकाना हक नहीं दिया गया है. हमारी तीन चार पीढ़ियों ने बंगाल और केंद्र सरकार की अर्थव्यवस्था को बढ़ाया है.

## किंग्स आर्मी ने लाल टाइटंस को हराया

**रांची ।** बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा आयोजित बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग (बीपीएल) सीजन सात के छठे दिन किंग्स आर्मी ने जीत दर्ज की. अंतिम मैच लाल टाइटंस एवं किंग्स आर्मी के बीच खेला गया. किंग्स आर्मी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चौके एवं छक्कों की झड़ी लगाते हुए निर्धारित सात ओवरों में 110 रन बनाया. किंग्स आर्मी के चिन्मय किंगर ने मात्र 21 गेंदों में नाबाद रहते हुए 61 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 9 गगनचुंबी छक्के लगाए. मुकुल मक्कड़ ने 11 गेंद में दो छक्कों के सहारे 23 रन तथा अश्विन किंगर ने 8 गेंद में तीन छक्कों के सहारे 21 रन बनाए. जवाब में उतरी लाल टाइटंस की टीम को किंग्स आर्मी की टीम ने सटीक गेंदबाजी की बदौलत 4.5 ओवरों में 42 रनों पर ऑल आउट कर बोनस अंक के साथ 68 रनों से आसान जीत प्राप्त की.

### समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत एक्वा वर्ल्ड में आयोजित किया गया मनोरंजक हॉरर संडे

# एक्वा वर्ल्ड में हॉरर संडे में भूतों ने रैंप पर किया कैटवॉक

**संवाददाता । रांची**


समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत मछली घर में आयोजित हॉरर संडे कार्यक्रम में रैंप पर भूत-प्रेत की भूमिका निभाते बच्चे.

समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को , मछली घर में हॉरर संडे आयोजित किया गया. हॉरर संडे की पूरी शाम बच्चों के नाम रही. बच्चों ने भी जमकर आनंद उठाया. बच्चों के लिए एक हॉरर सेल्फी कॉर्नर बनाया गया था. जहां बच्चे भूतों के साथ सेल्फी ले रहे थे. इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए हॉरर के थीम में फैंसी ड्रेस कंपटीशन हुआ. हॉरर फिल्मों के गानों के थीम पर आधारित क्विज टाइम का भी आयोजन हुआ. बच्चों को इन हॉरर फिल्मों के थीम सॉन्ग को सुनाकर उससे संबंधित प्रश्न पूछे गए. सभी सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया. एक विशेष आयोजन कर बच्चों को यह समझाया गया कि भूत पिशाच सिर्फ काल्पनिक होते हैं. वास्तविकता से इनका कोई लेना-देना नहीं होता है. इस कार्यक्रम में बच्चों को एक्वा वर्ल्ड की कोचेयर पर्सन डॉ विद्या झा ने पुरस्कृत किया. इस अवसर पर निदेशक गण सुमित रूंगटा, संतोष कुमार, धीरज कुमार व आनंद उपस्थित थे. वहीं अगले रविवार 9 जून को समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत 'सुपर हीरो' थीम पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन शाम छह बजे से किया जाएगा.

**विजेताओं की सूची**

- फैंसी ड्रेस – गुनीत, प्रीयशु, शिवांश, शानवी
- हॉरर क्विज– वेदिका, हर्षवर्धन, अक्षय, परिणिधि, गुणीत, प्रत्युष, सानवी, अधियांशी, भाव्या, कशवा

## न्यूज अपडेट

### श्रीश्याम मंदिर में मनाया गया एकादशी उत्सव



**रांची ।** श्रीश्याम मंदिर, अग्रसेन पथ में रविवार को एकादशी उत्सव मनाया गया. श्रृंगार पूजन के बाद रात नौ बजे अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गयी. साथ ही भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू हुआ. श्रीश्याम मंडल के सदस्यों ने गणेश वंदना से शुरुआत कर भजनों की लड़ियां लगा दी. किसने किया श्रृंगार ओ सांवरे बड़ा प्यारा लागे ... जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक नाचते-झूमते रहे. रात 12 बजे आरती और प्रसाद वितरण के साथ उत्सव संपन्न हुआ. गोपी किशन ढांढनियां, चंद्र प्रकाश बागला , रमेश सारस्वत, धीरज बंका, सुदर्शन चितलंगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, अरुण धनुका, जीतेश अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, विकाश पाडिया, अजय साबू , नितेश लाखोटिया ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

### मनाया गया श्रीगुरु अर्जन देव का शहीदी गुरु पर्व


स्टेशन रोड, गुरुद्वारा साहिब में सुखमनी साहिब का पाठ करते रागी जत्था.

**रांची ।** स्टेशन रोड, गुरुद्वारा साहिब में रविवार को श्रीगुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरु पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया. सुखमनी साहिब पाठ समापन के बाद दिन के दस बजे विशेष दीवान की शुरुआत हुई. स्त्री सत्संग सभा के साथ हजूरी रागी जत्था ग्रंथी भाई हरनाम सिंह और मेन रोड गुरुद्वारा के भाई भरपूर सिंह ने शबद गायन कर संगत को निहाल किया. भाई गुरविंदर सिंह और चरणजीत कौर होरा ने गुरु अर्जन देव की शहादत पर विस्तार से प्रकाश डाला.

### पर्यावरण व अध्यात्म का है गहरा संबंध : निर्मला बहन

**रांची।** पर्यावरण और अध्यात्म का गहरा संबंध है.आध्यात्मिकता हमें प्रकृति और आत्मा के संबंध का अनुभव कराती है. लेकिन वर्तमान समय में प्रकृति और अध्यात्म का समन्वय विगड़ गया है. उक्त बातें ब्रह्माकुमारी संस्थान की संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कही. रविवार को बहन जी हरमू रोड स्थित संस्थान में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उद्‌गार व्यक्त कर रही थी. उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस पर शांति और सदभाव का वातावरण बनायें.

### तीन माह के लिए हरियाणा संघ संचालन कमेटी गठित

**रांची ।** अग्रसेन भवन में रविवार को हुई हरियाणा संघ की बैठक में तीन माह के लिए 11 सदस्यीय संचालन कमेटी गठित की गयी. मेश चंद्र शर्मा, विनोद जैन, अरुण शर्मा, श्याम बिहारी गोयंनका, अनिल अग्रवाल, सुनील गुप्ता, प्रमोद सारस्वत, अमित शर्मा रिंकू, दीपेश निराला, हरि कनोडिया और राजेश कौशिक इसमें शामिल किये गये. अध्यक्षता कर रहे विनोद जैन और कार्यकारी सचिव रमन शर्मा ने संघ के विगत कार्यों से सभा को अवगत कराया. रमन शर्मा ने बताया कि कमेटी विविध कार्यों के साथ सदस्यता विस्तारण, सदस्यता शुल्क, संरक्षक सदस्य के संपादन के लिए अधिकृत रहेगी.

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम में भंडारे का आयोजन

**राची ।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम में 152वें श्री कृष्ण भंडारा का आयोजन किया गया. सेवाधाम के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान के नेतृत्व में भंडारा का आयोजन हुआ. श्री कृष्ण भंडारे में अजवाइन पुड़ी, आलू लाल चना, टमाटर की सब्जी, वेजिटेबल पुलाव, केसरिया खीर, जलजीरा जूस, फ्रूटी, आइसक्रीम एवं आलू चिप्स के पैकेट का वितरण किया गया. लगभग 1300 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद लिया. इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान, ओमप्रकाश सरावगी, कविता गाडोदिया, सुनिता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल आदि ने सहयोग किया.

### आरडीसीए येलो ने आरडीसीए रेड को हराया

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ ( आरडीसीए ) द्वारा आयोजित आरडीसीए वीमेंस प्रीमियर क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन रविवार को हुआ. उद्‌घाटन मैच में आरडीसीए येलो ने आरडीसीए रेड को हराया. इस मैच में मेघा को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. प्रतियोगिता का उद्‌घाटन जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय ने किया. उद्‌घाटन समारोह में आरडीसीए के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव शैलेंद्र कुमार व जेके इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक जितेंद्र सिंह शामिल थे.

### मुक्ति संस्था ने किया 31 लावारिस शवों का दाह संस्कार

**रांची ।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी तट पर 31 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया. संस्था के सदस्यों ने दाह संस्कार से पूर्व मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. फिर सभी शवों को मुखाग्नि दी. नौ सालों से लवारिश शवों का अंतिम संस्कार कर रही संस्था कई दिनों से इन शवों के दाह संस्कार की तैयारी कर रही थी. रिम्स में कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद मोर्चरी में पड़े सभी शवों को ट्रैक्टर से जुमार नदी तट पर लाया गया.

### अंजुमन तरक्की उर्दू (हिंद) की पहली जिला कांफ्रेंस

**रांची ।** अंजुमन तरक्की उर्दू ( हिंद ) रांची की पहली जिला कांफ्रेंस रविवार को कर्बला चौक स्थित गुलशन हॉल में गुफरान अशरफी की अध्यक्षता में हुई. बताया गया कि केंद्रीय प्रतिनिधि एमजेड खान ने झारखंड के 22 जिलों में दिसंबर में तदर्थ समितियां बनाई. साथ ही जिला कमेटियों के संयोजकों को लोकतांत्रिक ढंग से तीन माह के अंदर सदस्य बना कर चुनाव कराने को अधिकृत किया था. रांची में भी शरीफ हसन मजहरी के संयोजकत्व में 10 सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी. कांफ्रेंस की शुरुआत में उर्दू व हिंदी के साहित्यकारों विशेष कर सलाम बिन रज्जाक, चौथी राम यादव, सुरजीत पातर, राशिद अनवर राशिद आदि के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

### गो पूजन और सेवा को गोशाला पहुंचे भावेशानंद

**रांची।** चिन्मय मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भावेशानंद रविवार को गोशाला, हरमू रोड में गो पूजन और सेवा को आये. मौके पर स्वामी जी ने राधाकृष्ण की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया. अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने उन्हें पुष्पगुच्छ और ट्रस्टी चेयरमैन सह उपाध्यक्ष रतन जालान ने अंग वस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया. स्वामी जी ने उदगार व्यक्त करते हुए गो सेवा के कार्यो की सराहना की. मंत्री प्रदीप राजगढ़िया ने मंच संचालन का कार्यभार संभाला.

### कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने मनायी वर्षगांठ

**रांची।** कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया ( सीएमओएआई ) ने आज रविवार को 51वां वर्षगांठ समारोह मनाया. रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह, सीसीएल डायरेक्टर पर्सनल हर्षनाथ मिश्रा, डायरेक्टर फाइनेंस पवन कुमार मिश्रा शामिल हुए. कार्यक्रम का उद्‌घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम में सीएमओएआई के सभी मेंबर शामिल हुए. इस अवसर पर 45 मेंबर और 9 सब्सिडरी मेंबर को मोमेंटो, बुके, शॉल देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया.

### संत अन्ना धर्मपुत्रियों की संस्थापिका की 63वीं पुण्यतिथि

# हरेक विश्वासी बन सकता है संत : आर्चबिशप आइंद

**खास बातें**

- मेरी बर्नादेत की समाधि पर अर्पित की गयी श्रद्धांजलि
- धर्माध्यक्ष बिसेंट आइंद थे मुख्य अनुष्ठाता

**संवाददाता ।रांची**


माता मेरी बर्नादेत किस्पोट्टा की पुण्यतिथि कार्यक्रम भाग ले रहे आर्च बिशप

रांची संत अन्ना धर्मपुत्रियों की संस्थापिका माता मेरी बर्नादेत किस्पोट्टा की 63 वीं पुण्यतिथि मांडर के सरगांव में रविवार को मनाई गई. इस दौरान समाधि स्थल पर मेरी बर्नादेत को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. कार्यक्रम में दो दिशाओं से रोजरी प्रार्थना हुई, जहां पवित्र युखारिस्तीय के मुख्य अनुष्ठाता धर्माध्यक्ष बिसेंट आइंद थे. इसमें डीएस एसुपीरियर लीली ग्रेस टोपनो, फादर फ्रांसिस मिंज, फादर रिमॉन्ड केरकेट्टा, पुरोहित प्रसन्न तिर्की, फ़ादर तोबियास टोप्पो, फादर असित टोप्पो, फादर वॉल्टर किस्पोट्टा, फ़ादर नीलम तिरु, सिस्टर ललिता रोशनी लकड़ा समेत हजारों विश्वासियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. मौके पर उनके सम्मान में मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया. साथ ही माता बर्नादेत किस्पोट्टा की आध्यत्मिक पुस्तक का विमोचन भी किया गया.

इस अवसर पर आर्चबिशप विसेंट आइंद ने कहा कि प्रत्येक विश्वासी संत बन सकता है. परमेश्वर के प्रति आस्था रखनी होगी. ईश्वर के बताये मार्ग पर जो मनुष्य चलता है, वही संत बनता है. माता बर्नादेत परमेश्वर के बताये मार्ग पर चली. प्रभु की आज्ञा और स्मृति मे पूरा जीवन व्यतीत की. यह हमें स्वर्ग की ओर उन्मुख करता है.

सिस्टर प्रेमा रंजना औऱ रजनी कंचन ने बताया कि माता मेरी बर्नादेत की जन्म 2 जून 1878 में मांडर के सरगांव में हुआ था. 31 जुलाई 1890 में काथलिक गिरजाघर में पहला बपतिस्मा ग्रहण की. 21 मई 1992 में आर्चबिशप पॉल मुथल्या यीशु ने दृढ़ीकरण संस्कार कराया. 6 फरवरी 1899 में उन्होंने नवशिष्यालय में प्रवेश किया. 8अप्रैल 1901 प्रथम वृत्त धारण किया. एक नवम्बर से 31 अक्टूबर 1906 माता बेर्नादेत धर्म संघ की प्रथम परमाधिकारिणी के रूप में नियुक्त हुई. 21 नम्बर 1915 से 31 दिसम्बर 1918 तक दूसरी बार परमाधिकारिणी नियुक्त की गईं. 24 मई 1897 में कलीसिया के अधिकारियो ने उन्हे मरिया संगत में स्वीकार किया. 26 जुलाई 1897 में चार बहनों को संत अन्ना की पुत्रियो के लिए धर्मसंघ में चुना. इसी के साथ संत अन्ना की पुत्रियों के धर्मसंघ की स्थापना हुई औऱ माता बर्नादेत स्थापिका बनीं.,

### प्रेम में एकजुट के लिए यूखरिस्त की स्थापना की

**रांची ।** लूर्द की माता मरियम चर्च सामलौंग में प्रभु ख्रीस्त का शरीर औऱ रक्त का त्योहार रविवार को हर्षोउल्लास से मनाया गया. इसमें 58 बच्चे शामिल हुए. जिसमें 26 युवा और 22 युवतियों ने हिस्सा लिया. मुख्य अनुष्ठाता पल्ली पुरोहित फादर मैक्सीमास टोप्पो थे. इसके साथ पटना के आर्चबिशप कुलदीप कुमार, पुरोहित फादर आनंद लकड़ा व फादर आंगस्टिन केरकेट्टा उपस्थित थे. पल्ली पुरोहित फादर मैक्सीमास ने कहा कि प्रभु येशु ख्रीस्त का शरीर और रक्त हमारे ख्रीस्तीय जीवन का आधार है. परमप्रसाद संस्कार पारिवारिक यूखरिस्त समारोह है. इससे हम सभी को आत्मिक शक्ति प्राप्त होती है. ईश्वर ने हमें अपने प्रेम में एकजुट होने के लिए यूखरिस्त की स्थापना की.

### टाटीसिलवे के जैप टू में वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिवर


वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी को प्रतीक चिह्न भेंट करते अधिकारी.

**रांची।** टाटीसिलवे के जैप टू के 10 दिनों के विशेष समर कैंप में रविवार को वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिवर का आयोजन किया गया. कैंप में आसपास के लगभग 50 बच्चों ने हिस्सा लिया. कोच राजेश कुमार सिंह व दिनेश कुमार ने बच्चों को वॉलीबॉल की ट्रेनिंग दी. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस डॉ सरोजनी लकड़ा शामिल हुईं. सरोजनी लकड़ा की ओर से बच्चों के रात्रिकालीन अभ्यास के लिए वॉलीबॉल कोर्ट में लाइट लगवायी गयी. साथ ही ट्रेनिंग के लिए 15 हड्डुल्स भी उपलब्ध कराये गये. इस अवसर पर गृहपाल दिलीप सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, लाइन बाबू रैतु तापे, रघु सिंह मुंडा, गोपनीय प्रवाचक विशाल ठाकुर, जूली समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### पुस्तक मेले में चौथे दिन उमड़ी पुस्तक प्रेमियों की भीड़


पुस्तक मेले में अपनी रुचि की पुस्तक का अवलोकन करते पाठक.

**रांची।** स्थानीय फिरायालाल पब्लिक स्कूल परिसर में लगे पुस्तक मेले में चौथे दिन रविवार को पुस्तक प्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी. उनमें बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक शामिल थे. यह पुस्तक मेला गत 30 मई को प्रारंभ हुई थी और आगामी 9 जून तक चलेगा. पुस्तक मेले के संयोजक विशाल कुमार ने बताया कि यह पुस्तक मेला अपने आपमें बेहद खास है. इसलिए कि यहां हर उम्र के पाठकों के लिए उनकी पसंद के अनुरूप किताबें सहज ही उपलब्ध हैं. उनमें कई पुस्तकें अब दुर्लभ हो चुकी हैं, जिन्हें मेले की प्रदर्शनी में शामिल किया गया है.

### समर्पण ने गायों को पहनाया रेडियम बेल्ट

**रांची ।** समर्पण शाखा के तत्वावधान में रविवार को एकादशी के अवसर पर हरमू रोड गौशाला में गौ सेवा की गई, जिसका नेतृत्व शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया एवं कोमल झुनझुनवाला ने किया. उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है. गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गौ सेवा की सारी तैयारियां कीं. बढ़ती गर्मी को देखते हुए गौ माता को खीरा, लौकी, धूब, रोटी और हरी सब्जी खिलाई गई. मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम जीव दया के अंतर्गत गायों को रेडियम बेल्ट पहनाया गया.

### रांची में 20 से सीएए महिला फुटबॉल लीग

**रांची।** छोटानागपुर एथलेटिक एसोसिएशन (सीएए ) की ओर ्से रांची में पहली बार महिला फुटबॉल लीग का आयोजन कराया जा रहा है. सीएए के महासचिव आसिफ नईम ने बताया कि इसकी शुरुआत होटवार के खेलगांव में 20 जून होगी. इस लीग में एआईएफएफ से रजिस्टर्ड टीम ही भाग ले सकेगी.

### पासवा की छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी

**संवाददाता । रांची**


बैठक की अध्यक्षता करते हुए पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे.

पासवा (पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन) के प्रदेश कार्यालय में रविवार को पासवा के सदस्यों की बैठक अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में हुई. मौके पर आगामी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के लिये विस्तृत चर्चा हुई एवं सक्रिय सदस्यों को आगामी आयोजन के लिए विभिन्न जिम्मेवारियां भी दी गईं हैं. मालूम हो कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह खेलगांव में करने की तैयारी है, जिसमें जैक बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएसई के मैट्रिक व इंटर के सफल 20,000 से अधिक मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किए जाने का लक्ष्य रखा गया है. लोकसभा चुनाव के पश्चात जून के द्वितीय सप्ताह में सम्मान समारोह की तैयारी है.

झारखंड के प्रत्येक जिले में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह किये जायेंगे. सफल बनाने के लिये चतरा निवासी सह गॉड फ्रे स्कूल के निदेशक नीरज सहाय को प्रदेश प्रवक्ता, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर के रूप में फैजान राजा एवं रुखसार आरा को चुना गया है. संचालन राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा ने किया. मौके पर साक्षी प्रिया, सृष्टि श्रेया, विशाखा कुमारी, राज नंदनी, विद्या कुमारी,सिदरा नदीम,नौरस नदीम, तोषी कुमारी, मोहम्मद रेहान हसन, इमरान खान, मो अजहर आदि शामिल थे.

### गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा ने लगाया गुरमत ट्रेनिंग कैंप

**रांची ।** गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा गुरमत ट्रेनिंग कैंप रविवार को संपन्न हो गया. शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रचारक गियानी गुरविंदर सिंह और ज्ञानी चरणजीत सिंह फानी ने नन्हें-मुन्नो को धर्म की बारीकियों से रूबरू कराया. 150 बच्चों को गुरमत के साथ सिख इतिहास की भी जानकारी दी. कैंप के दौरान लिखित परीक्षा भी ली गयी. सफल प्रतिभागियों को दस जून को गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में पुरस्कृत किया जायेगा. शिविर के समापन मौके पर हसमित कौर ने कीर्तन गायन कर गुरु की महिमा गायी. मौके पर सामूहिक रूप से श्रीजपु जी साहिब का पाठ भी किया गया. प्राचार्य प्रो. हरमींदर बीर सिंह ने अभिवावकों और प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनायें दीं. महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने सहयोग के लिए सिख समुदाय की सभी संस्थाओ के प्रति आभार व्यक्त किया.

### एनसीसी बैच की विदाई

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के 1/3 कंपनी एनसीसी 2021-24 बैच के लिए विदाई समारोह विसर्जन-2024 का आयोजन किया, जिसमें उनके योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाया गया. वाइस प्रिंसिपल रेव्ह. फादर अजय अरुण मिंज और एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

### शीतल पेय बांट कर रमेश ने दिखायी दरियादिली



**रांची।** स्वार्थी दुनिया में भी आर्थिक रूप से कमजोर और असहायों की सुधि लेने वालों की कोई कमी नहीं है. अपनी राजधानी में भी समाज सेवी वीरों से भरी पड़ी है. रविवार को इसका साक्षात उदाहरण देखने को मिला. एक ओर जहां मुक्ति संस्था के सदस्य लावारिस शवों का अंतिम संस्कार की मिसाल पेश की तो दूसरी ओर बगैर किसी स्वार्थ के समाजसेवी और विभिन्न धार्मिक संगठनों के अध्यक्ष रमेश सिंह ने रिक्शा, ऑटो चालक और असहायो बीच ग्लूकोज, शीतल पेय पदार्थ बांट कर मानव धर्म निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ा. रमेश बताते हैं कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह कदम उठाये गये हैं. यहां पहली बार इतनी गर्मी पड़ रही है.

### तीन स्थानों पर अमृतधारा प्याऊ का उद्‌घाटन



**रांची।** श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा के तत्वावधान में रविवार को तुलसी चौक, अशोकनगर गेट नंबर 2 के बगल में तथा चापूटोली चौक में अमृतधारा प्याऊ प्रारंभ किया गया, जिसका उद्‌घाटन समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने किया. कार्यक्रम में मंच का संचालन नम्रता सोनी एवं धन्यवाद ज्ञापन अमित गुप्ता ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक बीके विजय, विनय ठाकुर अनिल विजय, घेवरचंद्र नाहटा, देवराज बर्मन, आशीष जोशी, रिंकू तमांग, प्रिया सिन्हा, जितेंद्र बरनवाल, विजय सिन्हा, रामलाल विजय, अनिल जैन, संजीव विजय, अभिषेक सिन्हा, प्रकाश बर्मन , राजेश सिन्हा, आशीष कुमार आदि शामिल हुए.


**बोले ज्योतिषी** बृहस्पति का उदय आज, बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी मिल सकती है राहत

# खत्म हुआ नौतपा का प्रकोप, करवट लेगा मौसम

**राजन बॉबी। रांची**


मौसम ने करवट ली.

नौतपा नौ दिनों तक भीषण गर्मी से तपाने के बाद आखिरकार रविवार को खत्म हो गया, मौसम ने करवट ली, सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे. 48 डिग्री पहुंच चुके तापमान में भी गिरावट दर्ज की गयी. आचार्य दिव्यानंद और पंडित सुरेंद्र इंद्र गुरु ने ज्योतिषी दृष्टिकोण से बताया कि अस्त चल रहे गुरु तीन जून को उदित हो रहे हैं, इससे मौसम का मिजाज बदलेगा. झमाझम बारिश होगी, गर्मी से भी राहत मिलेगी. मॉनसून का कम डाउन भी शुरू हो जाएगा. इंद्र गुरु ने बताया कि इस बार कृष्ण पक्ष 14 दिनों का ही है. इस पक्ष की घटना शुभकारी होता है. कृष्ण पक्ष में गुरु और शुक्र तारा के एक ही राशि पर रहने से वर्षा के प्रबल योग बन रहे हैं. इस बार अच्छी खेती के साथ देश की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी.


आचार्य दिव्यानंद


पं. अजय मिश्र

### केंद्र में फिर से मोदी सरकार : दिव्यानंद

दिव्यानंद ने बताया कि ग्रहों का अस्त और उदय होना जातको पर गहरा प्रभाव डालता है . ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशी तीन जून को पूर्व दिशा में गुरु तारा का उदित होना मंगलकारी रहेगा . राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर भी इसका गहरा असर दिखेगा . देश में राजनीतिक उत्थल पुत्थल तो रहेगी, लेकिन केंद्र में सत्ता परिर्वतन का योग नहीं बन रहा है . मोदी सरकार पूर्ण बहुमत से सत्ता में फिर से आयेगी .

### चिंतनीय है मौसम विभाग का अनुमान

मौसम विभाग का अनुमान चिंतनीय है, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, नौतपा समाप्त होने के बाद दो–चार दिन तो गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी . लेकिन इसे बाद फिर से तापमान में अत्याधिक बढ़ोत्तरी के आसार हैं . अनुमान तो यह है कि सात जून के बाद कहीं–कहीं तापमान 45 डिग्री पार भी जा सकता है, नौतपा के बाद भी यदि स्थिति नहीं बदली तो परेशानी बढ़ जायेगी . बिजली और पानी संकट के साथ स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराने लगेगा . डिहाईड्रेशन, हीट स्ट्रोक के खतरे भी बढ़ जाएंगे .

# मोदी का राजयोग, राहुल को राहु दोष

**प्रतिक्रिया**

**संवाददाता । रांची**


डॉ एनके बेरा

ज्योतिषियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को लेकर चौंकानेवाली भविष्यवाणी की है. आचार्य अजय मिश्रा और डॉ. एनके बेरा ने कुंडली का मिलान कर बताया कि पीएम का इन दिनों राजयोग चल रहा है. उनका जन्म 17 सितंबर 1950 दिन रविवार को बड़नगर गुजरात में दिन के 11 बजे हुआ था. उनका जन्म लग्न वृश्चिक और जन्म राशि भी वृश्चिक है. इनकी जन्म कुंडली में राजयोग कारक ग्रह गुरु, शुक्र, मंगल और चंद्र केंद्र में है. साथ ही गुरु व शुक्र का प्रभाव, दशम केंद्र राज्य स्थान पर हैं. राज्य स्थान का स्वामी सूर्य लाभ भाव में स्थित है. नीच राशि स्थित चंद्र का नीच भंग योग भी बन रहा है. इससे पूर्ण राजयोग बनता है. आचार्य मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में विंशोत्तरी दशा के अनुसार मंगल की महादशा चल रही है, जो 30 नवंबर 2021 से 30 नवंबर 2028 तक चलेगी. इस वजह से पीएम मोदी की प्रसिद्धि में कोई कमी नहीं रहेगी.

### ग्रह दशा के कारण राहुल को मिश्रित फल मिलेंगे

आचार्य अजय मिश्रा और डॉ एनके बेरा ने बताया कि राहुल गांधी का जन्म 19 जून 1970 दिन शुक्रवार को सुबह 05 :50 बजे दिल्ली में हुआ था . इनका जन्म लग्न मिथुन और जन्म राशि वृश्चिक है . जन्माङ्ग में राजयोग कारक ग्रह सूर्य और मंगल लग्न में स्थित है . दशम स्थान केंद्र राज्य स्थान के स्वामी और राजयोग कारक ग्रह से दृष्ट है . नीच राशि शनि और नीच भंग योग भी बन रहा है . इस तरह उनके जन्माङ्ग में भी राजयोग बनता है . लेकिन संगठन की महादशा होने से राहुल को समयान्तराल में मिश्रित फल प्रात होंगे . कार्यक्षेत्र में इच्छाओं में विपरीत परिणाम देखने को मिल सकते हैं . मानसिक अशांति का भी सामना करना पड़ सकता है . सामाजिक दृष्टिकोण से यह समय अच्छा नहीं है .

ब्रीफ खबरें

## महिला से चेन छिनतई जांच में जुटी पुलिस

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के रानी बगीचा रोड नम्बर दो निवासी श्यामसुंदर सिंह की पत्नी राधिका देवी के गले से सोना के चैन की स्नैचिंग कर भाग निकले. घटना रविवार संध्या सात बजे कि है. पीड़िता के घर के बगल में हीं रोड नम्बर पांच के पास घटी. जानकारी अनुसार पीड़िता इवनिंग वॉक में निकली हुई थी. इसी दौरान पीछे से एक बाइक में सवार दो स्नैचर पहुंचे और महिला के गले से चेन झपट लिया. इसके बाद अपराधी तेज रफ्तार में वहां से भाग निकले. चेन छिनतई के बाद महिला जोर-जोर चिल्लाने लगी. जिससे सुनकर आसपास के लोग जुट गए और मामला की जानकारी रातू पुलिस को दी गई.

## संडे मार्केट से ऑटो और बाइक की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के संडे मार्केट में वाहन चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है. वाहन चोर गिरोह के सदस्य सक्रिय है और रातू पुलीस से आंख मिचौनी का खेल खेल रहे हैं. रविवार को भी थाना क्षेत्र के संडे मार्केट से ब्रजपुर निवासी कृष्णा कुमार चौधरी पिता स्व प्रेम चौधरी की पैसेंजर ऑटो को चोरों ने चोरी कर ली. जानकारी अनुसार ऑटो चालक पैसेंजर लेने के लिए ऑटो को खड़ा कर बाजार के अंदर चला गया. कुछ देर बाद बाहर आया तो देखा ऑटो गायब है. दूसरी घटना थाना क्षेत्र के हीं गोबिंदनगर निवासी निलोत्पल कुमार पिता अमरेन्द्र कुमार के साथ घटी. जब वो बाजार में अपनी पैशन प्लस मोटरसाइकिल को खड़ी कर सब्जी लेने अंदर गए तो अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली. मामले को लेकर दोनों वाहन मालिक ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है.

## रातू में स्कूल के सामने अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

**रातू।** थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ स्थित डीएवी स्कूल हेहल के गेट के सामने से रातू पुलिस ने रविवार को अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया. सूचना मिलने पर पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, परंतु उसकी पहचान नहीं हो सकी. आशंका है कि वह अर्द्धविक्षिप्त था जो इधर-उधर मांगकर खाता था. आशंका है लू लगने से उसकी मौत हुई होगी. पुलिस पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

## ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे चालक व खलासी

**मांडर।** टोल प्लाजा मांडर के पास रविवार की शाम डिवाइडर से टकराकर एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया. हादसे में ट्रक के अंदर फंसे चालक और खलासी को टोल कर्मियों ने मुश्किल से बाहर निकाला. बताया जाता है कि ट्रक रांची से बिस्किट लेकर मेदिनीनगर जा रहा था. हादसे में चालक और खलासी को मामूली चोटें आयी है.

## खलारी में अनाज से भरा 407 ट्रक पलटा

**खलारी।** खलारी कोयलांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खलारी थाना क्षेत्र के जी टाइप कालोनी स्थित खलारी बिजुपाड़ा मुख्य सड़क पर 407 ट्रक बिजली के पोल से टकराकर पलट गया. घटना रविवार की सुबह सात बजे की है. इस दुर्घटना में ट्रक में लदा अनाज सड़कों पर बिखर गया व चालक घायल हो गया. मिली जानकरी के अनुसार 407 ट्रक जेएच01सीसी - 7531 डाल्टनगंज से खलारी होते हुए पतरातु जा रही थी. इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक के ओवरटेक करने से चालक असंतुलित होकर 11 हजार वोल्ट के बिजली के खंभे से टकराकर पलट गया. ट्रक में मकई व गेहूं सहित अनाज के सामान लदे हुए थे. वहीं बिजली के खंभे में टकराने से बिजली पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इस दुर्घटना से जी टाइप एरिया में बिजली बाधित हो गया.

## ननद-भाभी की अंत्येष्टि में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड अंतर्गत ग्राम रोगो निवासी 34 वर्षीया भाभी बरती उरांव एवं 23 वर्षीय ननद सोमेश्वरी कुमारी की मिट्टी धंसने से दर्दनाक मौत के बाद आदिवासी परम्परा के अनुरूप गांव के श्मशान घाट में अग्नि संस्कार किया गया. गांव में जब शव यात्रा निकली तो सारा गांव रो उठा. मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत दोनों शोक संतप्त परिवार से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया. लोगों को भरोसा दिलाया कि आपदा से संबंधित वरीय पदाधिकारी से जल्द मिलकर हर सहयोग मदद की पहल की जाएगी.

---

पड़हा जतरा का शुभारंभ शिक्षा मंत्री करमचंद भगत ने 1967 ई. में किया था

# पड़हा के प्रतीक चिन्ह काठ के घोड़े व हाथी में दैवीय शक्ति होती है

**सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो**


करमचंद भगत


विश्वनाथ भगत

**तैयारियां पूरी**
- पड़हा जतरा में बिहार के सीएम जगन्नाथ मिश्र आए थे
- विश्वनाथ भगत ने बारीडीह के पड़हा जतरा शुरू किया था

बेड़ो एवं बारीडीह में तीन जून को लगने वाले ऐतिहासिक पड़हा जतरा समारोह की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. कभी बेड़ो के पड़हा जतरा में बिहार राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र, बिन्देश्वरी दुबे और चंद्रशेखर जैसे लोग भाग लेते थे. करमचंद भगत के कहने पर उन्हें काठ के घोड़े एवं हाथी में बैठाया जाता था. तत्कालीन कैबिनेट मंत्री करमचंद भगत ने बताया था कि पड़हा जतरा में पड़हा के प्रतीक चिन्हों क्रमशः काठ के घोड़े, काठ के हाथी, रम्पा चल्पा, टेंगरा छाता, पड़हा झंडा, ढोल-नगाड़ा, गाजा-बाजा सहित विभिन्न खोड़हा नृत्य दलों के साथ चढ़ने वाली घोल आकर्षण का केंद्र होती है. ऐसा माना जाता है कि पड़हा के प्रतीक चिन्हों क्रमशः काठ के घोड़े, हाथी, मगरमच्छ सहित विभिन्न प्रतीक चिन्हों में दैवीय शक्ति होती है. गांव के पाहन, पुजार, महतो मिलकर जतरा के पूर्व विधिवत पूजा अर्चना करते हैं. 1967 ई. में तीन जून को पड़हा जतरा लगाने की परम्परा का शुभारंभ बिहार सरकार के पूर्व मंत्री करमचंद भगत ने की थी. जबकि 1990 ई में जतरा टूटकर दो भागों में बेड़ो एवं बारीडीह के रूप में विभक्त हो गई. बारीडीह में पड़हा जतरा का शुभारंभ तत्कालीन विधायक विश्वनाथ भगत ने की थी. उन्होंने पड़हा जतरा के दौरान गैर आदिवासियों के काठ के घोड़े एवं हाथी पर बैठाए जाने का विरोध किया और बारीडीह में 1990 से अलग पड़हा जतरा लगाए जाने लगा. पहले करमचंद भगत और बाद में विश्वनाथ भगत ने जतरा के माध्यम से आदिवासी पड़हा परम्परा, संस्कृति और रीति-रिवाज को पूरे क्षेत्र में एक नई पहचान दी. उन्होंने मांडर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पड़हा के प्रतीक चिन्हों काठ के घोड़े, हाथी, मगरमच्छ, टेंगरा छाता, पड़हा झंडा, रम्पा चल्पा को जतरा में शामिल कराया और पड़हा की परम्परा को एक नई बुलंदी दी.

बताया जाता है कि जब करमचंद भगत पहली बार विधायक बने तब उनके स्वागत में बेड़ो में पड़हा जतरा का शुभारंभ किया गया. अपने समय में दिवंगत करमचंद भगत बताया करते थे कि पड़हा व्यवस्था का प्रचलन तत्कालीन हड़प्पा मोहनजोदड़ो सभ्यता में भी कायम थी. हालांकि इतिहास में लिखित रुप से पड़हा के संदर्भ में जानकारी उपलब्ध नहीं है लेकिन लोकगीतों एवं गांवों में प्रचलित दंतकथाओं में पड़हा के प्रचलन का समावेश मिलता था. करमचंद भगत बताते थे कि पड़हा व्यवस्था में न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका का अद्भुत सम्मिश्रण मिलता है. उन्होंने बताया था कि पड़हा के एक यूनिट में कई गांव होते हैं. जिन्हें अलग अलग गांवों की संख्या के आधार पर नामकरण किया गया है जैसे 12 पड़हा, 21पड़हा, 5 पड़हा, सात पड़हा, आठ पड़हा आदि आदि. 12 पड़हा के ईकाई में 12 गांव होते हैं. उनमें पड़हा राजा, पड़हा दीवान, पड़हा कोटवार, पड़हा सिपाही, पड़हा पईनभरा जैसे कई पद होते हैं. ये सभी पद किसी व्यक्ति विशेष को नहीं बल्कि अलग-अलग गांव को मिलता है. जैसे 12 पड़हा का राजा गांव हरिहरपुर जामटोली है .

---

हॉकी रांची लीग का फाइनल रंगारग कार्यक्रम के साथ संपन्न

# पुरुष वर्ग में पेनल्टी शूटआउट से एनटीएचए जमशेदपुर ने जीता

**संवाददाता। रांची**

## महिला में सुपर क्वीन क्लब की टीम बनी चैंपियन


ट्राफी के साथ एनटीएचए जमशेदपुर की टीम.

हॉकी झारखंड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा आयोजित हॉकी रांची लीग का फाइनल मैच रविवार को खेला गया. महिला वर्ग में क्वीन क्लब व पुरुष वर्ग में एनटीएचए जमशेदपुर की टीम चैंपियन बनी. पुरुष वर्ग का फाइनल एनटीएचए जमशेदपुर व बापू क्लब के बीच खेला गया. मैच एक-एक की बराबरी पर समाप्त हुआ. इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में एनटीएटए जमशेदपुर ने 9-8 से जीत दर्ज की. मैच में एनटीएचए जमशेदपुर की ओर से 32वें मिनट में दिलबर व बापू क्लब की ओर से 58 वें मिनट में विल्सन ने गोल दागे. फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह व विशिष्ट अतिथि सुमराय टेटे, विश्वासी पूर्ति, पुष्पा टोपनो, एडलिन केरकेट्टा, असुंता लकड़ा, पुष्पा प्रधान, वीरेंद्र लकड़ा, विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार , ओम प्रकाश ठाकुर शामिल हुए. आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयंत केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा, अभिषेक साहू समेत अन्य लोग शामित थे.

**सुपर क्वीन वीमेंस क्लब ने सीए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को हराया**

महिला वर्ग में सुपर क्वीन वीमेन क्लब ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया. इस मैच का एकमात्र गोल सुपर क्वीन वीमेंस क्लब की अलबेला रानी टोप्पो ने 21वें मिनट में दागा.

---

# आंधी से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे विधायक

**संवाददाता। सोनाहातू**


आंधी से प्रभावित लोगो से मुलाकात करते विधायक

सोनाहातू प्रखंड के इडकु और एडरमहातू गांव में 28 मई को तेज आंधी से आधा दर्जन घरों को नुकसान हुआ था. आंधी से कई परिवार बेघर भी हुए थे. घटना की सूचना पर विधायक सुदेश महतो रविवार को देर शाम गांव पहुंचे और हर परिवार के नुकसान की जानकारी ली. इडकू गांव के गौरगो पातर, जितू राम महतो और नुनीवाला देवी तथा एडरमहातू गांव के रीता महतो और राजकिशोर महतो के घर जाकर नुकसान की जानकारी ली. सभी लोगों के घर का एस्बेस्टस उड़ गया था. विधायक ने सभी परिवार को आर्थिक मदद भी किए. शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया. मौके पर संजय सिद्धार्थ, संजय महतो, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, रूपकुमार साहू, किरिटी महतो, प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक, दिलीप कोइरी, बुद्धेश्वर कोइरी, फणिभूषण सिंह मुंडा व दलेल महतो आदि मौजूद थे.

## पिकअप में ऑटो ने मारी टक्कर, एक की मौत

**इटकी।** इटकी थाना अंतर्गत एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर चचगुरा स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के समीप रविवार को लगभग बारह बजे एक इंट्रा पिकअप वैन ने यात्रियों से भरे ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी. जिससे ऑटो में सवार इटकी थाना के चचगुरा करमटोली के पुजार निवासी सुका उरांव, 60 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि ऑटो में सवार एक दंपति सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में गढ़गांव निवासी राजकुमार साहू, कंचन देवी, बेड़ो कुदारखो गांव निवासी अदरस खलखो, चचगुरा करमटोली निवासी आरती मामूली रूप घायल हैं.

# शिक्षा ही मानव जीवन का आधार है: वंदना उपाध्याय

**ओरमांझी ।** शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है. एक सफल जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है. शिक्षा जीवन का आधार होती है और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन में अग्रसर होता है. सही गलत में अंतर कर सकते हैं. अगर बच्चों को उच्च एवं संस्कारित शिक्षा दी जाए तो बच्चा आगे चल कर अपने परिवार के साथ साथ देश एवं राष्ट्रहित में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा. यह बात शनिवार को शहर के कांके स्थित भिट्टा बस्ती में मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा शिक्षा ही जीवन का आधार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कही. उन्होंने बताया कि संस्था ने बस्ती बस्ती में जाकर बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहा है. संस्था के सदस्यों द्वारा नियमित पाठशाला के तहत दो घंटे का क्लास लिया जा रहा है. साथ ही उनके बीच पाठ्य सामग्री कॉपी, पेंसिल, पेन, रबर और टॉफी का वितरण कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का सार्थक प्रयास किया गया.

## श्रमिक संगठन ने एनके प्रबंधन के रवैये पर नाराजगी जताई

**डकरा।** एनके एरिया संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक डकरा वीआईपी सभागार में शैलेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में सभी परियोजना से आये हुए यूनियन प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अपनी क्षेत्र की समस्या रखी. जिसमें पिछले 14 मई को एनके महाप्रबंधक को जो 15 सूत्री मांगपत्र दिया गया था, उस मांगपत्र पर प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने पर संगठन ने नाराजगी व्यक्त की. श्रमिक संगठन के नेताओं ने कहा कि हाल के दिनों मे सीसीएल कर्मी के साथ दो-तीन जगहों पर मारपीट की घटना हुई है. जिस पर प्रबंधन का रवैया मजदूरों के पक्ष में बिलकुल नहीं रहा है. ऐसे में मजदूर अपने सुरक्षा को लेकर चिंतित है. साथ ही निर्णय लिया गया कि 4 जून को एडिस्नल मांगपत्र दी जाएगी. जिसमें केडीएच परियोजना के लिए 126 हेक्टेयर जमीन का एक साथ सर्वे कराकर ग्रामीण रैयत को नौकरी एवं मुआवजा एक साथ देने की मांग की जाएगी. इस मौके पर मिथलेश कुमार सिंह, कृष्णा चौहान, डीपी सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रमोद पाठक, हरेंद्र सिंह, दिनेश भर, राजेंद्र चौहान, अजय चौहान, सहित बीएमएस, एचएमएस, एटक, सीटू से संबंधित सभी यूनियन प्रतिनिधि मौजूद थे.

---

# चान्हो के ताला ग्राम में लगा 12 पड़हा जेठ जतरा


12 पड़हा जेठ जतरा में नृत्य करती महिलाएं

**संवाददाता। चान्हो**

प्रखंड के ताला गांव में 12 पड़हा जेठ जतरा का आयोजन किया गया. जतरा में पिपराटोली, ताला, मसमानो, बरवाटोली समेत अन्य गांव के खोड़हा शामिल हुए.
कार्यक्रम में मांदर की थाप पर लोगों ने गीत व नृत्य की प्रस्तुति की. पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि जतरा हमारी परंपरा व संस्कृति की पहचान है. मौके पर जतरा संचालन समिति के सोमा उरांव, बुद्धदेव उरांव, मंगेश्वर उरांव, महादेव उरांव, ठिरका उरांव, उमेश प्रजापति, पूर्व मुखिया दुखना भगत, सोमेश महतो, मनोज यादव, फूलचंद महतो, सुरेश उरांव, धनु महली, सोमे उरांव आदि मौजूद थे.

## ओरमांझी में वज्रपात से 32 मवेशियों की मौत

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को हुई तेज बारिश से एक ओर जहां लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर बारीडीह पंचायत के डैम किनारे एक साथ घास चर रहे 32 पशुओं पर आसमानी कहर बरपा. इस वज्रपात से सभी मवेशियों की मौत हो गई. इस घटना से पशुपालकों को काफी नुकसान हुआ. पंचायत के मुखिया मानकी राजेंद्र शाही ने बताया कि हतवाल, सबायिया, बारीडीह गांव के पशुपालकों के मवेशी प्रत्येक दिन की तरह डैम किनारे चरने गये थे. अत्यधिक बारिश के कारण सभी मवेशी पानी से बचने के लिए घर जाने लगे. इसी दौरान अचानक वज्रपात होने से मौके पर मौजूद 32 मवेशियों की मौत हो गई. जिनमें 21 पशुपालक के 32 मवेशी शामिल हैं. वज्रपात की इस घटना में एक साथ इतने मवेशियों की मौत से गरीब पशुपालकों का बड़ी क्षति हुई है. इनमें से कई दुधारू गायों की मौत होने से पशुपालक काफी चिंतित हैं. इसके साथ कुछ पशुपालकों के खेती में जोतने वाले बैलों की मौत होने से खेती करने को लेकर वे चिंतित हैं. इन सभी पीड़ित पशुपालकों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है. इसके बाद अंचलाधिकारी नितिन शिवम गुप्ता एवं पशुपालन पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे.

# मुरतो में भोक्ताओं ने बरसाए फूल

**संवाददाता। बेड़ो**



बेड़ो प्रखंड के मुरतो गांव में नवयुवक संघ मंडा पूजा आयोजन समिति मुरतो के तत्वावधान में तीन दिवसीय ऐतिहासिक शिव मंडा पूजा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया. मंडा पूजा के अंतिम दिन भोक्ताओं ने पूरी भक्ति और श्रद्धापूर्वक झूलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और श्रद्धा के फूल बरसाए. सैकड़ों महिलाओं ने अपने आंचल में फूलों को समेटा. झुलन कार्यक्रम के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया. इस मौके पर उन्होंने भोक्ताओं की अद्भुत शिव भक्ति की सराहना किया और कहा कि शिव की भक्ति का वास्तविक स्वरूप मंडा पूजा के दौरान दिखती है. उन्होंने कहा कि जलते अंगारों में नंगे पांव चलकर भोक्ताओं की भक्ति की शक्ति प्रदर्शित होती है. उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक मंडा पूजा पूर्वजों की धरोहर है. हमें ऐसी परंपरा और धार्मिक अनुष्ठानों को अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत है. इस मौके पर प्रसिद्ध लोक कलाकारों पवन राजा ज्योति साहु, पूनम खलखो सरिता बड़ाइक ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को बांधे रखा. कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सुदर्शन साहु, कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, सचिव ईश्वर मंटु साहु, संजीत कुमार साहु, राजेश साहु, विष्णु

## तिगरा में टेंगरा छाता की पूजा अर्चना की गई

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लतरातु पंचायत अन्तर्गत तिगरा गांव में पड़हा के प्रतीक चिन्ह दैवीय शक्ति से युक्त टेंगरा छाता को पड़हा जतरा के लिए पारम्परिक रुप से बगुला के नए पंख लगाकर सजाया एवं संवारा गया. पाहन पुजार ने पारम्परिक रुप से टेंगरा छाता का विधिवत पूजा अर्चना किया. गांव के समाजसेवी जितिया उरांव की देखरेख में पाहन झुबला उरांव एवं पुजार करमा उरांव सहित अन्य लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया. इस दौरान गांव के लोगों ने टेंगरा छाता को विधिवत बगुला के नए पंख लगाकर उसे सजाया संवारा गया. तीन जून को बेड़ो के बारीडीह में लगने वाले पड़हा जतरा के दौरान जुलूस एवं शोभायात्रा का हिस्सा होगा. इसे लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं उल्लास देखा जा रहा है. टेगरा छाता के पूजा अर्चना के दौरान सुकरा उरांव, अनिल खाखा, पंचम खाखा, भांजु उरांव, गन्दरु उरांव, बिरसा उरांव, निधिया उरांव, नुवेल खलखो, मंगल भगत, मघेया उरांव, तेरस खलखो, पांडे उरांव, विराज खाखा, सोहराई उरांव, परदेशिया खाखा, सुमन किशोर खाखा, चमरू उरांव लुईस खाखा सहित गांव के लोग मौजूद थे.

---

# पांचों आदिवासी सीटों पर हेमंत की गिरफ्तारी का गुस्सा है : अभियान

**संवाददाता। रांची**


पत्रकार वार्ता में जानकारी देते लोकतंत्र बचाओ अभियान ने सदस्य।

लोकतंत्र बचाओ अभियान ने लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दलों के रवैये, आयोग की भूमिका और ज़मीनी जनमत को साझा किया. अभियान लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में पिछले 1.5 साल से राज्य के कोने-कोने में लोगों के बीच तक गया, जन मुद्दों को बारीकी से समझा और चुनावी प्रक्रिया को नज़दीकी से देखा. इस अनुभव को अभियान के अम्बिका यादव, अलोका कुजूर, भरत भूषण चौधरी, एलिना होरो, मंथन और टॉम कावला आदि रविवार को प्रेस मीडिया से साझा किया.

**इंडिया को 7-8 सीटें मिलेगी :** प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में इन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान राज्य के दौरे से यह साफ है कि मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का जनमत मोदी सरकार के विरुद्ध है. खासकर के पांचों आदिवासी सीटों पर. लोगों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी को लेकर व्यापक गुस्सा है. साथ ही, संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना, वादों का महज़ जुमला बन जाना, विभिन्न जन अधिकारों को खत्म किया जाना एवं गांव-समाज में धर्म के नाम पर हिंसा व साम्प्रदायिकता में बढ़ोतरी- इनके विरुद्ध भी मतदाता एकजुट दिखें. अभियान का मानना है कि झारखंड में इंडिया गठबंधन को कम से कम 7-8 सीट मिलेंगी.

**नरेंद्र मोदी ने नफरत, झूठी बातों का प्रचार और धार्मिक ध्रुवीकरण करके वोट मांगे :** इन्होंने बताया कि इस बार भाजपा द्वारा पूरे राज्य में वीभत्स और सांप्रदायिक चुनावी अभियान चलाया गया. प्रधानमंत्री समेत शीर्ष नेताओं ने लगातार अपने चुनावी भाषणों में मुसलमानों के विरुद्ध नफरत, झूठी बातों का प्रचार और धार्मिक ध्रुवीकरण कर वोट मांगा. उनके द्वारा आचार संहिता व लोक प्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन किया गया. अभियान के कई शिकायतों के बावजूद न उनके विरुद्ध कार्रवाई हुई और न ही उन्हें यह करने से रोका गया. इस चुनाव में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत निंदनीय रही है. आयोग ने अपनी निष्पक्ष भूमिका के विपरीत भाजपा के एजेंट के रूप में काम किया है. भाजपा द्वारा कई प्रकार के उल्लंघन लगातार किये गए.

**इलेक्शन कमीशन ने लोगों का विश्वास तोड़ा**

इन्होंने बताया कि चुनावी भाषणों में झूठ और साम्प्रदायिकता फ़ैलाने के लिए भाजपा को खुली छूट देने के अलावा आयोग ने चुनावी प्रक्रिया पर भी लोगों के विश्वास को तोड़ा है. पहली बार ऐसा हुआ कि आयोग ने मतदान के लगभग दो सप्ताह बाद फाइनल मतदाताओं की संख्या को सार्वजानिक किया. मतदान के अगले दिन जारी किये गए आंकड़ों में कई दिनों बाद बढ़ोतरी की गयी. पूरे देश में एक करोड़ वोट से भी अधिक की बढ़ोतरी की गयी. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ही चुनाव आयोग ने मतदान किये कुल वोटरों की संख्या सार्वजानिक किया. लेकिन आयोग आज तक इसका कारण साफ रूप से नहीं बताया है.

# चाकी जंगल में नदी किनारे 3.15 करोड़ का डोडा जब्त

**संवाददाता। चक्रधरपुर**



**मिली सफलता**
- प्लास्टिक के 83 बोरों में रखा था 2100 किलो डोडा
- 25 मई को भी पकड़ा गया था 3 .14 करोड़ का डोडा

पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड क्षेत्र से एक सप्ताह में दूसरी बार पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा बरामद किया है. चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी कि टेबो थाना क्षेत्र के चाकी जंगल स्थित नदी किनारे भारी मात्रा में बोरों में डोडा रखा हुआ है. टेबो थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया.

टीम ने छापेमारी के क्रम में चाकी जंगल के पारिया से एक किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में चाकी नदी के किनारे 83 प्लास्टिक बोरो में रखा 2100 किलो डोडा जब्त किया. हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. जब्त डोडा की अनुमानित लागत लगभग 3 करोड़ 15 लाख रुपये आकी गयी है. पुलिस डोडा जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. छापेमारी दल में एएसआई बिफन सिंह, रतन लाल मुर्मू, चैतू भगत, त्रिभुवन बेदिया, पंचू मिंज के अलावे टेबो थाना के अन्य अधिकारी व जवान शामिल थे. इसके पूर्व भी 25 मई को भी टेबो में एक ट्रक से 3 करोड़ 14 लाख रुपये का डोडा बरामद किया गया था.

